बिहार भूमि न्यायाधिकरण

11 ऑफ पोलो रोड, पटना

कार्यालय आदेश

पत्रांकः–बि0भू0न्या0–04 / 17(विविध) 307 पटना, दिनांकः–15-06-2020

बिहार भूमि न्यायाधिकरण, पटना के कार्यालय आदेश संख्या 304 दिनांक 10.06.2020 को निम्नवत संशोधित किया जाता है–

कार्य	कार्य का दायित्व
1. व्यक्तिगत तापमान 99^0 F अनुमान्य होगा।	सशस्त्र बलों में से एक सशस्त्र सिपाही प्रतिदिन पूर्वाह्न 9:30 बजे बॉडी थर्मल स्क्रीनिंग मशीन के साथ उपस्थित रहेंगे।
2. मास्क का उपयोग।	तथैव
3. हाथों को Sanitize किया जाना।	श्री मनीष कुमार एवं श्री संजीव कुमार तिवारी, आई. टी. ब्वॉय।
4. तीनों न्यायालयों को कार्य दिवसों में प्रतिदिन Sanitize किया जाना।	श्री मुकेश कुमार रजक, श्री दुर्गेश कुमार आई. टी. ब्वॉय।
5. वाद अनुक्रम से एक बार में न्यायालय संख्या–02 में अधिकतम 05 विज्ञ अधिवक्ता प्रवेश करेंगे एवं दूरी बनाकर बैठेंगे।	श्री अजय कुमार सिंह एवं श्री अनुराग कुमार
6. संबंधित वादो के वादी / प्रतिवादी भी उन पाँच विज्ञ अधिवक्ताओं के साथ आयेंगे तथा पीछे के बेंच पर बैठेंगे। वाद क्रमांक 1 से 5 की सुनवाई पूरी हो जाने पर सभी पाँच विज्ञ अधिवक्ता एवं उनके मामलों के वादी / प्रतिवादी न्यायालय कक्ष संख्या 02 से बाहर प्रस्थान करेंगे।	तथैव
7. सूचीबद्ध मामलों के विभिन्न विज्ञ अधिवक्ता न्यायालय कक्ष संख्या–01 एवं 03 में पुकार की प्रतीक्षा करेंगे। पुकार के लिए कक्ष संख्या–02 में एक परिचारी सदैव उपलब्ध रहेंगे।	तथैव
8. संबंधित वादों के वादी / प्रतिवादी एक–एक की संख्या में अनुमान्य होंगे।	श्रीमति अनुपम कुमारी, आई टी गर्ल

Scanned by CamScanner

9. SGP/AGP न्यायालय कक्ष में कक्ष संख्या–02 में प्रारंभ में ही पूर्ण संख्या में दूरी बनाकर स्थान ग्रहण करेंगे। विभिन्न वादों में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद अथवा बहस में भाग लेने के बाद संबंधित SGP/AGP न्यायालय कक्ष से बाहर प्रस्थान करेंगे।
10. वाद क्रमावली में विलंब से आये विद्वान अधिवक्ता न्यायालय कक्ष संख्या–01 या 03 में रहेंगे, तथा निर्धारित सभी वादों की समाप्ति के वाद न्यायालय कक्ष संख्या–02 में आयेंगे एवं उपस्थिति दर्ज कराकर प्रस्थान करेंगे।
11. न्याय निर्णय के लिए सूचीबद्ध मामलों के सभी अधिवक्ता पूर्वाहन 11:00 बजे व्यक्तिगत दूरी बनाकर न्यायालय कक्ष संख्या–02 में उपस्थित रहेंगे एवं न्याय निर्णय घोषित हो जाने के उपरांत प्रस्थान करेंगे।

15/06/2020

(दिनेश कुमार चन्द्रेश)
अवर सचिव
बिहार भूमि न्यायाधिकरण, पटना ।

ज्ञापांक 307 दिनांक 15-06-20

प्रतिलिपिः–माननीय सदस्य (प्रशासनिक) कोषांग / निबंधक कोषांग, संबंधित सभी कर्मी, बिहार भूमि न्यायाधिकरण, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

15/06/2020

(दिनेश कुमार चन्द्रेश)
अवर सचिव
बिहार भूमि न्यायाधिकरण, पटना ।

Scanned by CamScanner